दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि रोशनी का त्यौहार दीपावली सबके जीवन और घर-आंगन को खुशियों और सुख-समृद्धि से आलोकित करे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमारे जीवन में त्यौहारों से नई उमंग और स्फूर्ति आती है। धनतेरस से लेकर भाई-दूज तक 5 दिनों के दौरान आपसी मेल-जोल से परस्पर स्नेह की जड़ें और गहरी तथा मजबूत बनती है। धार्मिक आस्था के साथ त्यौहार हमारी परम्परा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। इस दीपावली में हम स्नेह का दीपक जलाएं, जिसका प्रकाश हमारे जीवन में हमेशा बना रहे।

### ग्राम झरगांव के ग्रामीणों ने शिक्षक की मांग को लेकर कलेक्टर से की मुलाकात

**गरियाबंद (आरएनएस)।** हाई स्कूल ग्राम पंचायत झरगांव विद्यालय में स्वैच्छिक स्थानान्तरण करने वाले शिक्षकों के रिक्त स्थान पर शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए ग्रामीण गरियाबंद पहुँचकर कलेक्टर से मिले,जहां ग्रामीणों नें बताया ग्राम पंचायत झरगांव विकास खंड मैनपुर,जिला गरियाबद (छ.ग.) के शा उच्च मा विद्यालय में छह शिक्षक पदस्थापित थे, जिनमें से तीन शिक्षकों द्वारा स्वैच्छिक स्थानान्तरण किया गया था, जिसके कारण केवल तीन शिक्षक ही बचे हैं जिसके चलते बच्चे ज्यादा हैँ शिक्षक कम हैँ जिससे बच्चों की पढ़ाई नही हों पर रही हैँ। इसकी शिकायत कलेक्टर से कि गयी। इस शिकायत पर कलेक्टर नें कहा कि तीन शिक्षकों का एक साथ तबादला तो नही होना था.कैसे हुआ पता लगा कर शिक्षको कि व्यवस्था कराते हैँ।

### पुलिस अधीक्षक शहीद परिवार के घर जाकर परिजनों से मिले

**गरियाबंद (आरएनएस)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर गरियाबंद जिले के शहीद परिवारों से रूबरू हुए, हाल-चाल एवं समस्याओं के बारे में पूछे साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं व शहीद परिवारों को मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना किसी झिझक के मिल सकते हैं और अपनी समस्याओं को रख सकते हैं, अपने स्तर पर तत्काल समाधान करने एवं अन्य विभाग से संबंधित कार्य होने पर संबंधित को बात कर समाधान कराने का आश्वासन दिए।साथ ही सभी शहीदों के परिजनों के सुख-दुख में शासन, पुलिस विभाग एवं क्षेत्र की जनता हर वक्त साथ खड़े होकर, शहीदों के बलिदान को सदा याद किया जाएगा।दीपावली पर्व के अवसर पर शहीद परिवार के परिजनों का उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उपहार स्वरूप मिठाई एवं पटाखे भेंट किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर,रक्षित निरीक्षक उमेश राय,थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद गौतम गावडे भी शहीद परिवारों के परिजनों से रूबरू हुए।

### वोरा ने खरीदे मिट्टी के दीए और पटाखे

**शहर के प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग और सुरक्षा के इंतज़ाम बेहतर बनाने दिए निर्देश**

**दुर्ग (आरएनएस)।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने आज धनतेरस के मौके पर मार्केट जाकर मिट्टी के दीये खरीदे। पटाखे सहित दीप पर्व के लिए अन्य सामग्री की खरीदी भी की। वोरा ने शहर के नागरिकों से स्थानीय कुम्हारों द्वारा तैयार मिट्टी के दीये खरीदने की अपील की। वोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मेहनतकश कुम्हारों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये व अन्य सामग्री खरीदने की अपील की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशील पहल से कुम्हारों की सामग्री बिकेगी और उन्हें भी दीप पर्व की खुशियां मनाने का अवसर मिलेगा। वोरा ने इंदिरा मार्केट व समृद्धि बाजार सहित अन्य मार्केट में जनता व व्यापारियों को कोई समस्या न होने देने के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों को चौकस रहने कहा है। पार्किंग के साथ ही हर तरह से सुरक्षा के प्रति मुस्तैद रहने के निर्देश देते हुए वोरा ने कहा कि नगर निगम को सफाई और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वोरा ने कल लोक कला मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये थे। आज दीप पर्व के अवसर पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। वोरा ने स्वयं सुआ चौक व लोक कला मार्ग में लगी मूर्तियो को साफ किया व प्रकाश से रोशन विधायक निधी से करवाया कहा कि हमे अपने घर के अलावा शहर की साफ सफाई के प्रति जागरूक की आवश्यकता है तभी हम हमर दुर्ग हमर घर को प्रदेश में अग्रणी रख पाएंगे साथ ही स्वास्थ के प्रति पर्यावरण को स्वछ रखने में कामयाब होंगे।

# माता कौशल्या मंदिर में जगमगाए 31 हजार दीपक

- **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व राम वन गमन परिपथ को किया जा रहा विकसित**
- **दिवाली के मौके पर आतिशबाजी से जगमग हुआ चंदखुरी का आसमान**

**रायपुर।** माता कौशल्या का मायका और भगवान राम के ननिहाल चंदखुरी धाम को आज दीपावली की पूर्व संध्या व रूप चौदस के मौके पर 31 हजार दीयों से रोशन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राम वन गमन परिपथ के चिन्हित स्थलों से मे माता कौशल्या माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। आज यहां रायपुर समेत अनेक जिलों से राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य यहां दीप दान के लिए पहुंचे थे। दीप दान से पूर्व राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने पहले माता कौशल्या धाम चंदखुरी में मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। फिर रंगोली व फूलों से परिसर को सजाया। वहीं संध्या बेला में माता कौशल्या मंदिर प्रांगण को 31 हजार दीयों से रोशन किया गया। दीयों की सजावट से ही 'जय सिया राम' उकेरा गया। दीप दान के पश्चात रंग-बिरंगे पटाखों से आतिशबाजी कर चंदखुरी के आसमान को जगमग किया गया। इस दौरान विधायक देवेन्द्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे चंदखुरी को माता कौशल्या की जन्मभूमि माना जाता है। इस लिहाज से चंदखुरी भगवान राम का ननिहाल के रूप में प्रसिद्ध है। भगवान राम ने अपने बाल्यपन का काफी समय भी अपने ननिहाल में बिताया है। वहीं वनवास के 14 वर्ष में से लगभग 10 वर्ष की अवधि वे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों पर रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान राम की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने और उन स्थलों के धार्मिक महत्व को समझते हुए उन्हें धर्मस्थल के साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम शुरू किया है। इसके लिए राम वन पथ गमन मार्ग के कुल 75 स्थलों का चयन किया गया है, जिसमें से प्रथम चरण में 9 स्थलों का भव्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत माता कौशल्या धाम से की गई है। मुख्यमंत्री बघेल की पहल पर ही विश्व में एकमात्र माता कौशल्या के मंदिर का जीर्णोद्धार व आकर्षक सौंदर्यीकरण कराया गया है। दूसरे स्थल के रूप में माता शबरी की नगरी शिवरीनारायण को भी विकसित किया जा चुका है।





आज दीपावली की पूर्व संध्या पर विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब के लगभग 200 सदस्यों ने माता कौशल्या धाम चंदखुरी स्थित मंदिर प्रांगण में सफाई के बाद 31 हजार दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया। इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की गई। दीप दान के लिए चंदखुरी समेत आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान आर.पी. सिंह, राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक सुमित साव, सुश्री रोमा भारद्वाज, अंकित बागबाहरा, आशीष चंद्राकर समेत सभी क्लब समन्वय व 200 की संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### दीवाली पर पटाखे जलाते समय इन बातों का रखें ध्यान

हमेशा खुले मैदान या खुले स्थान पर ही पटाखे जलाएं। पटाखा जलाने से पहले आसपास देख लें कि कोई आग फैलाने वाली या फ ौरन आग पकडऩे वाली वस्तु तो वहां नहीं है। जितनी दूर तक पटाखे की चिंगारी जा सकती है, उतनी दूरी तक छोटे बच्चों को न आने दें। पटाखा जलाने के लिए अगरबत्ती या लकड़ी का इस्तेमाल करें ताकि पटाखे से आपके हाथ दूर रहें और जलने का खतरा न हो। रॉकेट जैसे पटाखे जलाते वक्त यह देख लें कि उसकी नोक खिडक़ी, दरवाजे या किसी खुली बिल्डिंग की तरफ न हो। यह दुर्घटना का कारण बन सकता है। पटाखे जलाते वक्त पैरों में जूते-चप्पल जरूर पहनें। अकेले पटाखे जलाने के बजाय सबके साथ मिलकर पटाखे जलाएं जिससे आपात स्थिति में लोग आपकी मदद कर सकें।

## पुलिस ने डोंगरीगाव और परसुली में जुआ खेलते 11 जुआरियों को पकड़ा

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जुआ सत्ता अवैध शराब निर्माण करने के साथ अन्य अपराधों पर लगाम कसने पुलिस अधीक्षक द्वारा हमेशा से ही जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है वही दीपावली त्योहार में जुआ खेल शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बहुतायत देखने को मिलता है।इस जुआ के अपराध पर प्रतिबंध लगाने पुलिस विभाग हमेशा से ही तत्पर रही है ,साथ ही दीपावली त्योहार को लेकर जुआ पर लगाम कसने शहर गाँव गली मोहल्ले में सर्चिंग बढ़ा दिया गया है।इसी के चलते गरियाबंद पुलिस द्वारा ग्राम डोंगरीगाव और परसुली में जुआ खेलते 11 जुआरियों को पकड़ा गया।जिसमे मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद सीटी कोतवाली के प्रभारी गौतमचन्द्र गावड़े को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम डोंगरीगाव और और परसुली में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे है।इस सूचना के आधार पे कोतवाली प्रभारी के द्वारा एएसआई टीकाराम ध्रुव ,प्रधान आरक्षक नारायण ध्रुव, मुरारी यादव,योगेश सिंग ,लोकपाल दीवान अनिल अनन्त, रवि सोनवानी और प्रह्लाद थानापती की टीम बनाकर मौके के लिए रवाना किया ,जहां ग्राम डोंगरीगाव में कुछ लोग जुआ खेलते पाए गए उनमें चार आरोपियों के साथ 1530 रूपये नगद के साथ पकड़े गए वही कुछ लोग भागने में सफल रहे। वही ग्राम सडकपरसूली में 1170 रुपये के साथ आरोपी को पकडक़र कोतवाली लेकर आए जहाँ आरोपियों के खिलाफ धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए मुचलका जमानत दिया गया।



## ग्राम तिलगी में वीर शहीद शिव कुमार सिदार के परिजनों से भेंट कर पुसौर पुलिस ने दी मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश

- **जिले में निवासरत शहीद के परिजनों से भेंट कर दी गई दीपावली की शुभकामनाएं**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा जिले में निवासरत शहीद के परिजनों से भेंट कर उनका कुशल क्षेम जाना गया, साथ ही उन्हें माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की ओर से दीपावली की प्रेषित शुभकामनाएं संदेश सम्मान पूर्वक प्रदाय किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज पुसौर पुलिस ग्राम तिलगी वीर शहीद शिव कुमार सिदार घर पहुंच कर शहीद के पिता, पत्नी और बेटी कु. निकिता सिदार से सौजन्य मुलाकात कर शहीद परिवार को मिठाई भेंट कर मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन का शुभकामना संदेश पत्र दिया गया। लैलूंगा पुलिस द्वारा एपीसी वीर शहीद पंचराम भगत की धर्मपत्नी फूलवती भगत निवासी ग्राम राजपुर हाल-सलखिया थाना लैलूंगा से सौजन्य मुलाकात का शहीद परिवार को शुभकामनाएं संदेश व मिठाइयां सप्रेम भेंट किया गया। कल कोतवाली, चक्रधरनगर पुलिस द्वारा उनके क्षेत्र में निवासरत शहीद परिवार के परिजनों से भेंट कर मुख्यमंत्री जी का शुभकामना संदेश, मिष्ठान के साथ सम्मान पूर्वक दिया गया था।





## दीपों का पावन पर्व दीपावली : हिन्दुओं में दीपावली का है विशेष महत्व

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतवर्ष विविधताओं से भरा देश है। यहां विभिन्न धर्म, विभिन्न सम्प्रदाय, विभिन्न मत, विभिन्न वर्गों के अपने-अपने तीज त्यौहार और उत्सव है। इस्लाम में जैसे ईद का महत्व ईसाइयों में जैसे क्रिसमिस का महत्व है, ईसाइयों में जैसे क्रिसमिस का महत्व है, हिन्दुओं में इसी प्रकार दीपावली का महत्व है।

किवदंती के अनुसार इस दिन रामचन्द्र जी चौदह साल के बनवास के बाद सीता माता और भ्राता लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौट कर आये थे। इसी खुशी में लोगों ने अपने-अपने घरों में दीपक जलाये और फिर यह प्रथा सालों साल चलती रही। उत्सव कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। कहीं-कहीं यह त्यौहार कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। लोग अपने घरों में दिये जलाते हैं और महालक्ष्मी का पूजन करते हैं। मान्यता है कि इस दिन माहालक्ष्मी की पूजा करने से साल भर घर में धन-धान्य भरा रहता है।



असल में दीपावली का त्यौहार धनतेरस से मनाया जाता है। यह त्यौहार कार्तिक कृष्ण पक्ष की नवमी को पड़ता है। प्राय: लोग इस दिन कोई नया बर्तन खरीदते हैं। कहते हैं कि श्रद्धा पूर्वक या त्यौहार मनाने से घर में धन-सम्पत्ति तेरह गुना बढ़ जाती है। दीपावली से अगले दिन गोवर्धन पूजा होती है, और द्वितीया को भैय्या दूज का त्यौहार मनाया जाता है। जैन धर्मावलंबी दीपावली के दिन से अपना नया साल मानते हैं। कहते हैं गुरु नानक, महावीर स्वामी और अन्य कई धार्मिक हस्तियां इसी दिन पैदा हुए थे।

पहले जमाने में लोग घर पर ऊंचाई पर कण्डील टांगते थे ताकि पथिको को रास्ता दिखलाई देता रहे। इसे आकाश द्वीप भी कहते हैं। कुमाऊं क्षेत्र में प्रथा है कि यह दिया एक माह तक जलाया जाता है। बच्चे इस दिन पटाखे फोड़ते हैं। अब पर्यावरण रक्षा के नाम पर सरकार ग्रीन पटाखे लाई है ताकि प्रदूषण न फैले। धनतेरस से ही घर की साफ-सफाई शुरू हो जाती है।

अब मात्र हिन्दू ही नहीं अपितु सिख, जैन, बौद्ध और इस्लाम धर्मावलंबी भी दीपावली का त्यौहार मनाते हैं। अब चूंकि भारत वंशी बड़ी संख्या में अमरीका और इंग्लैंड में जा बसे हैं, वहां भी दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है। अमरीका में तो व्हाइट हाउस में यह त्यौहार सरकारी स्तर पर मनाया जाता है। इंग्लैंड में दीपावली के दिन सार्वजनिक अवकाश रहता है।

दीपावली को महालक्ष्मी का त्यौहार भी कहते हैं । इस दिन कुछ लोग जुआ खेलते हैं। यह प्रथा ठीक नहीं है। जुए के कारण ही महाभारत हुई थी। हमें इस प्रथा को त्यौहार से नहीं जोडऩा चाहिए।

आज जब बड़े पैमाने पर धार्मिक विक्षेभ पैदा हो रहा है, हम सभी भारतवासियों को प्रण लेना चाहिए कि हम भाई-भाई की तरह रहेंगे क्योंकि विविधता में ही हमारी समृद्धि है। दैनिक अजय भारत अपने सभी पाठकों, विज्ञापन दाताओं और सहकर्मियों को दीपावली की हार्दिक बधाई देता है।

## पार्श्व तीर्थ में भक्तों ने किया मंगल पूजा और मांगलिक अनुष्ठान

**दुर्ग (आरएनएस)।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में तीर्थ के अधिष्टायक देव प्रगट प्रभावी माणिभद्र वीरजी का मंगल पूजा व हवन का मांगलिक अनुष्ठान हुआ। इस वर्ष विराटनगर नेपाल की श्राविका मानक देवी मोहनलाल कोठारी हस्ते सुनीता देवी मुकेश कोठारी, सुशीला देवी उगमचंद कटारिया वणी महाराष्ट्र, तिलोकचंद राजेन्द्र गोलछा, राजनांदगाँव, अतुल्य जैन भिलाई, शांतिलाल पदमचंद बैद राजनांदगाँव ने अनुष्ठान का लाभ लिया। उल्लेखनीय हैं कि इस तीर्थ में वर्ष में एक बार आज ही के दिन माणिभद्रजी का अष्टप्रकारी मंगल पूजा व हवन होता है। तीर्थ में प्रतिष्ठित माणिभद्रजी महाप्रभाविक है। रोजाना सैकड़ों श्रध्दालु यहाँ मनौती मांगकर सुखडी प्रसादी चढाते है। वर्तमान समय में माणिभद्रजी हाजर हुजूर है। सभी यात्री सुंदर भक्तिकर जो मनौती रखते हैं निश्चित ही माणिभद्रजी सभी को सहाय करते हैं। तीर्थ में नूतन वर्ष पर द्वारोद्घाटन तथा वीर प्रभू को निर्वाण लड्डू समर्पण 26 अक्टूबर को सुबह किया जाएगा। इस दिन वीर संवत 2549 प्रारम्भ होगा।



## खरीफ विपणन वर्ष 2022-23: समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग की तैयारी युद्धस्तर पर जारी

- **अब तक 95 हजार नवीन किसान पंजीकृत**
- **कलेक्टरों द्वारा किया जाएगा जिलों में धान खरीदी एवं निराकरण का कार्य**
- **किसानों से इस बार 110 लाख मीटरिक टन खरीदी का अनुमान**
- **अवैध धान की आवक रोकने के लिए जिले स्तर पर टीम का गठन**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य 1 नवम्बर 2022 से प्रारंभ हो रहा है। यह कार्य 31 जनवरी 2023 तक किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किये जाने के लिए गत वर्ष पंजीकृत किसानों को कैरी फारवर्ड एवं डाटा अद्यतन कर तथा नवीन किसानों का पंजीयन कर धान की खरीदी की जाएगी। किसान पंजीयन का कार्य कृषि विभाग के एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक किया जाएगा। अभी तक 24 लाख 5 हजार 288 हजार किसानों का पंजीयन कैरी फारवर्ड किया गया है और 95 हजार नवीन किसान पंजीकृत हुए हैं। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी नीति एवं कस्टम मिलिंग की नीति 21 अक्टूबर 2022 को जारी कर दी गई है, जिसके अनुसार कलेक्टर्स द्वारा जिलों में धान खरीदी एवं निराकरण का कार्य किया जाएगा।



खरीफ वर्ष 2022-23 में किसानों से 110 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का अनुमान है जिसके लिए 5.50 लाख गठान बारदाना की आवश्यकता होगी। धान खरीदी के लिए भारत सरकार की नवीन बारदाना नीति अनुसार 50.50 के अनुपात में नये एवं पुराने बारदाने में धान की खरीदी की जावेगी। चावल उपार्जन हेतु आवश्यक 2 लाख 97 हजार गठान में से 2 लाख 37 हजार गठान बारदाने जूट कमिश्नर से क्रय करने की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा दी गई है। अभी तक 2 लाख 37 हजार गठान का इंडेट जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध 1 लाख 45 हजार गठान राज्य को प्राप्त हो चुके हैं एवं शेष 48 हजार गठान नये जूट बारदाने गत वर्ष के उपलब्ध है तथा शेष कमी होने वाले बारदानों की प्रति पूर्ति जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय करने की कार्यवाही प्रचलित है। पुराने बारदाने 2 लाख 53 हजार गठान की आवश्यकता होगी, जो राज्य में मिलर्स, समिति के पास उपलब्ध है।

समितियों में चेकलिस्ट अनुसार फड़, कांटाबाट, कम्प्यूटर, आर्दतामापी यंत्र, ड्रेनेज, तारपोलिन, पीने का पानी की व्यवस्था, पोस्टर एवं बेनर प्रदर्शन आदि का कार्य किया जा रहा है। नोडल अधिकारी द्वारा इसका सत्यापन का कार्य प्रचलित है। समितियों में 26 से 28 अक्टूबर तक ट्रायल रन चलेगा। एफएक्यू (FAQ) धान खरीदी एवं सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षण का कार्य जिले में प्रचलित है। धान खरीदी की तैयारी समय से पूर्व हो जाएगी।

मिल पंजीयन का कार्य प्रचलित है और 1 नवम्बर 2022 से उपार्जन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। राज्य स्तर के अधिकारियों की टीम को जिले का प्रभारी बनाया गया है। अवैध धान की आवक रोकने के लिए जिले स्तर पर राजस्व खाद्य, सहकारिता, मंडी, विपणन, वन आदि विभाग के अधिकारियों की टीम का गठन किया गया है।

धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग तैयारी के संबंध में मुख्य सचिव स्तर से कलेक्टर्स की विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा की जा चुकी है। खाद्य सचिव द्वारा राज्य स्तरीय अधिकारियों एवं जिला स्तरीय संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक, वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा की जा चुकी है। धान खरीदी की तैयारी का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है जो समय में पूर्ण हो जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480